# MODEL EXAMINATION

## HINDI -IX

**Maximum Marks: 80** **Time Allowed: 3 hours**

## General Instructions:

- इस प्रश्न पत्र में कुल 2 खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब' ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

**खंड अ (वस्तुपरक प्रश्न)**

1. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 5 x1 =5**

कोई कितना भी बड़ा अधिकारी, साहूकार या धनवान क्यों न हो, उसे स्वावलंबी बनना चाहिए। आप डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहते हैं, वकील या प्राध्यापक बनना चाहते हैं, व्यापारी या नेता बनना चाहते हैं-स्वावलंबन सबके लिए अनिवार्य है।
बड़ा बनने के मार्ग में अनेक बाधाएँ आती हैं। यदि उनके कारण हम निराश हो जाएँ, संघर्ष से जी चुराएँ या मेहनत से दूर रहें, तो भला हमें बड़प्पन कहाँ से मिलेगा? भारत के स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री का नाम आपने सुना होगा जिन्होंने सन् 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में देश का नेतृत्व किया था। देश को विजयी बनाया था और जनता को 'जय जवान, जय किसान' के प्रेरणावर्धक शब्द दिए थे। वे बड़े निर्धन परिवार से संबंधित थे। नदी पार स्कूल में जाने के लिए नौका वाले को पैसे भी नहीं दे सकते थे, किंतु उनमें आलस्य नहीं था। अतः प्रतिदिन तैरकर नदी पार करते थे। उन्होंने निराशा को कभी मन में नहीं आने दिया था। इसी मेहनत और स्वावलंबन का परिणाम था कि वे प्रधानमंत्री बने। जब वे प्रधानमंत्री थे, तब भी वे चपरासियों और अहलकारों पर आश्रित नहीं रहते थे। अपने यहाँ का कोई भी काम उन्हें छोटा नहीं लगता था। डॉक्टर बनकर यदि आप रोगी को आंशिक देखभाल करें, इंजीनियर बनकर दूसरों पर हुक्म चलाएँ, अथवा व्यापारी बनकर अपना हिसाब-किताब स्वयं न देखें, तो व्यवसाय तो डूबेगा ही, आपको भी डूबना होगा। दूसरों से कार्य लेते समय भी स्वयं सक्रिय रहना सफलता की प्रथम सीढ़ी है।

i. उच्च पद या सफलता पाने के लिए व्यक्ति को क्या करना चाहिए?
   क) स्वावलंबी बन परिश्रम करना चाहिए
   ख) अपने साथ-साथ दूसरों का अवलंब मिलने की प्रतीक्षा करनी चाहिए
   ग) अपने अवलंब पर भरोसा नहीं करना चाहिए
   घ) दूसरों का अवलंब लेना चाहिए

ii. स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का उल्लेख गद्यांश में क्यों किया गया है?
   क) निर्धन परिवार से संबंध रखने के कारण
   ख) 'जय जवान जय किसान' का नारा देने के कारण

ग) नदी पार करने के कारण

घ) स्वावलंबी बनकर परिश्रम करते रहने के कारण

iii. लाल बहादुर शास्त्री अपना काम स्वयं करते थे यह किस कथन से सिद्ध होता है?

क) उनके पास नौकावाले को देने के लिए पैसे नहीं होते थे

ख) उन्होंने प्रेरणावर्धक नारा दिया

ग) उन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध में देश का नेतृत्व किया

घ) वे चपरासियों तथा अहलकारों पर निर्भर नहीं रहते थे

iv. सफलता की प्रथम सीढ़ी निम्नलिखित में से क्या है?

क) दूसरों को काम बताते जाना तथा उनका निरीक्षण करना

ख) दूसरों से कार्य कराते हुए स्वयं भी सक्रिय रहना

ग) दूसरे व्यक्तियों को कार्य के लिए प्रेरित करना

घ) दूसरे व्यक्तियों के प्रति सजग रहना

v. **कथन (A):** स्वावलंबी व्यक्ति ही बड़प्पन दिखा सकता है।

**कारण (R):** स्वयं सक्रिय होते हुए ही हम दूसरों से कार्य करवाने में सफल हो सकते हैं।

क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।

घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य हैं।

2. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 5 x1 =5**

फिजूलखर्ची एक बुराई है, इसके पीछे बारीकी से नज़र डालें तो अहंकार नज़र आएगा। अहं के प्रदर्शन से तृप्ति मिलती है। अहं की पूर्ति के लिए कई बार बुराइयों से रिश्ता भी जोड़ना पड़ता है। अहंकारी लोग बाहर से भले ही गंभीरता का आवरण ओढ़ लें, लेकिन भीतर से वे उथलेपन से भरे रहते हैं।

जब कभी समुद्र तट पर जाने का मौका मिले, तो आप देखेंगे कि लहरें आती हैं, जाती हैं और चट्टानों से टकराती हैं। पत्थर वहीं रहते हैं, लहरें उन्हें भिगोकर लौट जाती हैं। हमारे भीतर हमारे आवेगों की लहरें भी हमें ऐसे ही टक्कर देती हैं।

इन आवेगों, आवेशों के प्रति अडिग रहने का अभ्यास करना होगा, क्योंकि अहंकार यदि लंबे समय तक टिकने की तैयारी में आ जाए, तो वह नए-नए तरीके ढूँढेगा। स्वयं को महत्त्व मिले अथवा स्वेच्छाचारिता के प्रति आग्रह, ये सब धीरे-धीरे सामान्य जीवन-शैली बन जाती है। ईसा मसीह ने कहा है- "मैं उन्हें धन्य कहूँगा, जो अंतिम हैं।" आज के भौतिक युग में यह टिप्पणी कौन स्वीकारेगा, जब 'चारों ओर नंबर वन' होने की होड़ लगी है।

ईसा मसीह ने इसी में आगे जोड़ा है कि "ईश्वर के राज्य में वही प्रथम होंगे, जो अंतिम हैं और जो प्रथम होने की दौड़ में रहेंगे, वे अभागे रहेंगे।" यहाँ 'अंतिम' होने का संबंध लक्ष्य और सफलता से नहीं है। जीसस ने विनम्रता, निरहंकारिता को शब्द दिया है 'अंतिम'। आपके प्रयास व परिणाम प्रथम हों, अग्रणी रहें, पर आप भीतर से अंतिम हों यानी विनम्र, निरहंकारी रहें। अन्यथा अहं अकारण ही जीवन के आनंद को खा जाता है।

i. प्रस्तुत गद्यांश में फिजूलखर्ची को सूक्ष्म दृष्टि से क्या कहा गया है?
   - क) सामान्य जीवन-शैली
   - ख) पैसे का बेहतर उपयोग
   - ग) अहंकार का प्रदर्शन
   - घ) बुराइयों की जड़

ii. अहंकारी व्यक्तियों की किन कमियों की ओर संकेत किया गया है?
   - क) सभी विकल्प सही हैं
   - ख) अहंकारी व्यक्ति किसी भी प्रकार से अपने अहं का प्रदर्शन करना चाहते हैं
   - ग) अहंकारी व्यक्ति भीतर से उथलेपन से भरे होते हैं
   - घ) अहंकारी व्यक्ति सतही मानसिकता रखते हैं

iii. लेखक ने मानव मन में उद्वेलित होने वाली भावनाओं की तुलना किससे की है?
   - क) ईसा मसीह से
   - ख) भौतिक आकांक्षाओं से
   - ग) समुद्र तट की लहरों से
   - घ) निरहंकार से

iv. जीसस के अनुसार, मनुष्य को भीतर से कैसा होना चाहिए?
   - क) विनम्र
   - ख) विनम्र और निरहंकारी दोनों
   - ग) निरहंकारी
   - घ) स्वेच्छाचारी

v. अहं अकारण ही जीवन के आनंद को खा जाता है- इस कथन की सत्यता सिद्ध करने वाले कारक हैं-
   1. i. स्वयं को महत्व देना
   2. ii. गंभीरता का आवरण ओढ़ना
   3. iii. स्वेच्छाचारिता को महत्व देना
   4. iv. आवेशों के प्रति अडिग रहना

   - क) कथन i, ii व iv सही हैं
   - ख) कथन ii सही है
   - ग) कथन i, व iii सही हैं

घ) कथन ii, iii व iv सही हैं

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 2 **x1 =2**

   i. जब कोई **शब्द** वाक्य में प्रयुक्त होता है तो वह _________ नहीं रह जाता, बल्कि _________ बन जाता है।

      a. शब्द, वाक्य

      b. शब्द, पद

      c. पद, शब्द

      d. पद, वाक्य

   ii. शब्द रचना के आधार पर बताइए कि कौन-सा शब्द योगरूढ़ है?

      a) विनिमय b) जलज c) पवित्र d) कुशल

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: **2 x1 =2**

   i. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण पंचमाक्षर नहीं है?

      a) ञ b) ण c) ड. D) य

   ii. निम्नलिखित शब्दों में से **अनुनासिक** के उचित प्रयोग वाला शब्द चुनिए-
   गँध, सुगँध, डांट, ऊँट

      a) डांट b) सुगँध c) ऊँट d) गँध

   iii. अनुनासिक और अनुस्वार में कौन-सा अंतर सही नहीं है?

      a) अनुनासिक का प्रयोग वहां होता है जहां मात्राएं शिरोरेखा के ऊपर ना लगी हों तथा अनुस्वार का प्रयोग वहां होता है जहां मात्राएं शिरोरेखा के ऊपर लगी हों।

      b) अनुनासिक को परिवर्तित नहीं किया जा सकता। अनुस्वार को वर्ण में बदला जा सकता है।

      c) अनुनासिक स्वर है और अनुस्वार व्यंजन।

      d) अनुनासिक शब्दों के अंत में प्रयोग किया जाता है तथा अनुस्वार शब्दों के आरंभ में प्रयोग किया जाता है।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 4 के उत्तर दीजिये: **4 x1 =4**

   i. **पन** प्रत्यय वाला शब्द है-

      a) सत्यापन b) पनघट c) औपन d) बड़प्पन

   ii. 'कुलीन' शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।

      a) कुल + ईन b) कु + ईन c) कु + लीन d) कुली + इन

   iii. 'अधि' उपसर्ग किस भाषा से लिया गया है ?

      a) हिंदी b) अंग्रेजी c) अरबी फारसी d) संस्कृत

   iv. इनमें से किस शब्द में **परा** उपसर्ग है?

      a) पराधीन b) पराकाष्ठा c) परायण d) पराश्रित

v. **दुर्भाग्य** शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

a) दू b) दुभ् c) दुर् d) दु

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 3 के उत्तर दीजिये: 3 **x1 =3**

i. 'कपीश' में कौन-सी संधि है?
   a) स्वर संधि
   b) विसर्ग संधि
   c) व्यंजन संधि
   d) इनमें से कोई भी नहीं

ii. स्वागत का संधि-विग्रह है:
   a) स्वा + गत
   b) स्व + आगत
   c) स्वा + आगत
   d) सु + आगत

iii. उचित संधि विच्छेद चुनिए- चयन
   a) च + अयन
   b) च + अन
   c) चय + अन
   d) चे + अन

iv. उचित संधि-विच्छेद चुनिए- प्रायोगिक
   a) प्रयो + गइक
   b) परयो + ग्यक
   c) प्रा + योगिक
   d) प्रयोग + इक

7. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही तीन में उचित स्थान पर सही विराम चिह्न लगाइए-**
**3 x1 =3**

i. नेताजी ने कहा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा
ii. वह बाबू कहाँ गया जो टोपी पहने हुआ था
iii. तुम्हारा नाम क्या है
iv. सुनो कौन आया है उसे कुर्सी या पलंग पर बिठाओ

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: 2 **x1 =2**

i) यदि छुट्टियाँ हुई, तो हम कश्मीर अवश्य जाएंगे। - अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताएं।
   a) संदेहवाचक वाक्य
   b) संकेतवाचक वाक्य
   c) इच्छावाचक वाक्य

d) आज्ञावाचक वाक्य

ii) अर्थ की दृष्टी से वाक्य भेद बताइए-
मैं समाचार पत्र में खबर पढ़ता हूँ।

a) संदेहवाचक
b) आज्ञावाचक
c) विधानवाचक
d) विस्मयादिबोधक

iii) आज्ञावाचक वाक्य किसे कहते हैं ?

i. जिससे किसी आज्ञा का बोध हो
ii. जिस वाक्य से आश्चर्य का बोध हो
iii. मिश्रित वाक्य को
iv. संयुक्त वाक्य को

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **5 x1 =5**

उभरी नसोंवाले हाथ
घिसें नाखूनों वाले हाथ
पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ
जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ
गंदे कटे-पिटे हाथ
जख्म से फटे हुए हाथ
खूशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।

a. प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या वर्णित किया है?
   i. मजदूरों की शारीरिक व मार्मिक स्थिति को
   ii. पीपल के वृक्ष की शाखाओं को
   iii. जानवरों के नाखूनों के आकार को
   iv. सुगंध देने वाले कोमल फूलों को
b. दूसरों के जीवन में सुगंध फैलाने वाले हाथ किसके हैं?
   i. सभी विकल्प सही हैं
   ii. नवयुवतियों के
   iii. नन्हें बच्चों के
   iv. बूढ़े लोगों के
c. विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी मजदूर क्या करते हैं?
   i. परिवार से रिश्ता तोड़ देते हैं
   ii. मजदूरी करना छोड़ देते हैं

iii. अपना कार्य जारी रखते हैं
iv. जीवन जीना छोड़ देते हैं

d. कामों के बोझ के कारण मजदूरों के हाथ कैसे हो गए हैं?
   i. कटे हुए
   ii. सभी विकल्प सही हैं
   iii. छाव वाले
   iv. गंदे

e. खुशबूदार वस्तुओं की रचना करने वाले लोग किन परिस्थितियों में जीवन जीते हैं?
   i. निम्न जीवन की परिस्थितियों में
   ii. उत्कृष्ट जीवन की परिस्थितियों में
   iii. सामान्य जीवन की परिस्थितियों में
   iv. वीभत्स जीवन की परिस्थितियों में

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: **2 x1 =2**

a. रहीम के **दोहे** के अनुसार एक बार प्रेम संबंध टूटने पर क्या होता है?
   i. रिश्ते कटु हो जाते हैं
   ii. रिश्तों में और प्रगाढ़ता आती है
   iii. फिर रिश्ते पहले जैसे नहीं होते
   iv. रिश्ते पहले जैसे हो जाते हैं

b. रैदास के **पद** के अनुसार धागे की कीमत कब होती है?
   i. जब उसके साथ मोती है
   ii. जब उसके साथ सोना है
   iii. जब उसके साथ सुहागा हो
   iv. जब उसके साथ दीपक हो

11. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **5 x1 =5**

और आशंका निर्मूल नहीं थी, अतिथि! तुम जा नहीं रहे। लॉण्ड्री पर दिए कपड़े धुलकर आ गए और तुम यहीं हो। तुम्हारे भरकम शरीर से सलवटें पड़ी चादर बदली जा चुकी और तुम यहीं हो। तुम्हें देखकर फूट पड़ने वाली मुस्कुराहट धीरे-धीरे फीकी पड़कर अब लुप्त हो गई है। ठहाकों के रंगीन गुब्बारे, जो कल तक इस कमरे के आकाश में उड़ते थे, अब दिखाई नहीं पड़ते। बातचीत की उछलती हुई गेंद चर्चा के क्षेत्र के सभी कोनलों से टप्पे खाकर फिर सेंटर में आकर चुप पड़ी है। अब इसे न तुम हिला रहे हो, न मैं। कल से मैं उपन्यास पढ़ रहा हूँ और तुम फिल्मी पत्रिका के पन्ने पलट रहे हो। शब्दों का लेन-देन मिट गया और चर्चा के विषय चूक गए।

a. गद्यांश के अनुसार, लेखक की कौन-सी आशंका थी जो निर्मूल नहीं थी?
   i. शायद अतिथि अभी नहीं जा रहा है

ii. अतिथि आज ही चला जाएगा
iii. अतिथि को सत्कार पसंद नहीं आया
iv. अतिथि कल चला जाएगा

b. अतिथि ने तीन दिन बाद भी जब जाने का निर्णय नहीं लिया तो उसका क्या प्रभाव पड़ा?
i. लेखक अत्यंत प्रसन्न हो गया
ii. लेखक की पत्नी नाराज हो गई
iii. अतिथेय स्वयं आत्मग्लानि से भर गया
iv. अतिथि और अतिथेय के बीच संबंधों में बोरियत आ गई

c. लेखक और अतिथेय के बीच का सौहार्द्र बोरियत में बदल गया यह किस कथन से स्पष्ट होता है?
i. ठहाकों के रंगीन गुब्बारों के अदृश्य होने
ii. सभी विकल्प सही हैं
iii. बातचीत कम-से-कम होने
iv. चर्चा के विषय चूक जाने

d. बातचीत रूपी गेंद घर के कोने में शांत होकर क्यों पड़ी हुई है?
i. लेखक की रुचि समाप्त नहीं होने के कारण
ii. लेखक तथा अतिथि के बीच झगड़ा होने के कारण
iii. लेखक के अपने काम में व्यस्त होने के कारण
iv. अतिथि का लेखक के घर में लंबे समय तक रुकने के कारण

e. लेखक ने धोबी को कपड़े न देकर लाण्ड्री में क्यों दिए?
i. लेखक स्वयं को सभ्य तथा उच्च वर्ग का दिखाना चाहता था
ii. लेखक के पास बहुत पैसे थे
iii. लेखक अपनी पत्नी से कपड़े नहीं धुलवाना चाहता था
iv. लेखक चाहता था कि कपड़े जल्दी आ जाएँ और अतिथि अपने घर चला जाए

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 2 **x1 =2**

a. महादेव भाई, दुर्गा बहन और चि. नारायण रोज कितना पैदल चलते थे?
i. 10 मील
ii. 12 मील
iii. 11 मील
iv. 9 मील

b. बचेंद्री पाल को एक भारी बर्फ का बड़ा फूल (प्लूम) किस जैसा लगा? `एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' पाठ के आधार पर बताए।
i. पक्षी सा

ii. चोटी सा
iii. ध्वज सा
iv. व्यक्ति सा

**खंड - ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: **2 x3 =6**

i. एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा पाठ में लेखिका को सागरमाथा नाम क्यों अच्छा लगा?
ii. दुःख का अधिकार पाठ में लड़के की मृत्यु के दूसरे ही दिन खरबूजे बेचने क्यों चल पड़ी?
iii. शुक्र तारे के समान किसे बताया गया और क्यों?

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: **2 x3 =6**

i. कवि रहीम ने मूल को सींचने की सीख किस संदर्भ में दी है और क्यों?
ii. रैदास ने अपने लाल की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?
iii. अग्नि पथ कविता को आप अपने जीवन के लिए कितनी उपयोगी मानते हैं?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये: **2 x3 =6**

i. गिल्लू को मुक्त क्यों और कैसे किया गया? इससे लेखिका की मानवीयता कैसे प्रदर्शित होती है?
ii. **स्मृति** पाठ में भाई के बुलाने पर घर लौटते समय लेखक के मन में किस बात का डर था?
iii. लेखक ने अर्धमृत्यु की हालत में कहाँ रहने की जिद की और क्यों? **मेरा छोटा सा पुस्तकालय** पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

16. **जीवन संघर्ष है, स्वप्न नहीं** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। 6

- जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है
- जीवन गतिशील एवं बाधाओं से पूर्ण है
- स्वप्न असत्य, जबकि जीवन सत्य

**OR**

**बढ़ते उद्योग कटते वन** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए।

- भूमिका
- वृक्षों से लाभ
- वृक्षों की कटाई और उसके दुष्परिणाम
- वृक्षारोपण
- उपसंहार

**OR**


**विज्ञापनों का जीवन पर प्रभाव** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए।

17. अपने घर के आप-पास की झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले बच्चों को स्कूल जाने को प्रेरित करने की योजना समझाते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। 6

**OR**

आपका मित्र वार्षिक परीक्षा में असफल हो गया है। उसे दुबारा मन लगाकर परिश्रम से पढ़ने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए पत्र लिखिए।

18. दिए गए चित्र को देखकर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए। 5



19. स्वच्छता-अभियान पर माँ-बेटी के बीच संवाद को लिखिए। 5

**OR**

पृथ्वी सारे संसार का भार सहती है और आकाश जीवन देता है। दोनों में श्रेष्ठता निर्धारित करने के लिए विज्ञान के दो विद्यार्थियों की चर्चा परस्पर को 50 शब्दों में लिखिए।